
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 97 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**कोरोना हारेगा, भारत जीतेगा



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 12 जुलाई 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 23.0°

36737.69

2 चाईना से साइंटिस्ट जान बचाकर भागी
7 वनडे क्रिकेट में वापसी करना चाहता हूं

## संक्षिप्त समाचार

### अब विकास दुबे की संपत्ति की जांच करेगी ईडी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
कानपुर। कानपुर के बिकरू गांव में 8 पुलिसकर्मियों की बेरहमी से हत्या करने के दोषी हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे के एनकाउंटर के बाद अब उसकी नामी और बेनामी सभी चल–अचल संपत्तियों की जांच की जाएगी। यूपी पुलिस विकास और उसके सहयोगियों की लिस्ट प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सौंपेगी। गैंगस्टर विकास दुबे एनकाउंटर का मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है।

### राजस्थान में गुटबाजी, खतरे में गहलोत सरकार?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
जयपुर। राजस्थान की कांग्रेस सरकार को गिराने की साजिश के खुलासे और एसओजी की ओर से केस दर्ज करने के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रेस वार्ता कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि अगला चुनाव कांग्रेस जीतेगी और जनता इस साजिश का बीजेपी को सबक सिखाएगी। प्रेस वार्ता में हॉर्स ट्रेडिंग के पीछे डिप्टी सीएम के सीएम बनने के लिए साजिश के सवाल और कांग्रेस में गुटबाजी के सवाल पर मुख्यमंत्री गहलोत ने चुटकी लेते हुए कहा कि, मुख्यमंत्री कौन नहीं बनना चाहता?

### पीएम मोदी के दावे पर राहुल का तंज– असत्याग्रही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के रीवा में एक सौर ऊर्जा परियोजना को एशिया की सबसे बड़ी परियोजना बताने के लिए शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय के एक ट्वीट को रीट्वीट करते हुए कहा, असत्याग्रही!। पीएम मोदी ने शुक्रवार को सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन करते हुए कहा, रीवा का यह सौर ऊर्जा संयंत्र इस पूरे क्षेत्र को इस दशक में ऊर्जा का बहुत बड़ा केन्द्र बनाने में मदद करेगा।

# विकास के नए युग का आरंभः सीएम

## उत्तराखण्ड में भारतनेट फेज 2 को केंद्र से मिली स्वीकृति

**संवाददाता**

देहरादून। भारत नेट फेज –2 परियोजना में राज्य के 12 जनपदों (हरिद्वार जनपद में पूर्व में किया जा चुका है) के 65 ब्लॉक के अंतर्गत 5991 ग्राम पंचायतों में इंटरनेट पहुचाया जाएगा। मीडिया सेंटर, सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए लगभग 2 हजार करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी व दूरसंचार मंत्री रविशंकर प्रसाद का आभार व्यक्त किया।



### ग्रामीण अंचलों की अर्थ व्यवस्था को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में इंटरनेट पहुचने से विकास के एक नए युग आरंभ होगा व ग्रामीण अंचलों की अर्थ व्यवस्था को गति मिलेगी। केन्द्रीय दूरसंचार मंत्रालय अंतर्गत यूनीवर्सल सर्विसेज ऑबलीगेशन फंड द्वारा यह परियोजना वित्त पोषित है तथा भारत ब्रॉड बैंड नेटवर्क लिमिटेड द्वारा यह परियोजना दो चरणों में क्रियान्वित की जा रही है।

उत्तराखंड राज्य में भारत नेट फेज –1 परियोजना का कार्य भारत ब्रॉड बैंड नेटवर्क लिमिटेड द्वारा स्वयं विभिन्न संस्थाओं जैसे BSNL व अन्य कंपनियों के माध्यम से कराया गया है। प्रथम चरण में 11 जनपदों के 25 ब्लॉक की 1865 ग्राम पंचायतों को जोड़ा जाना था। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री रविशंकर प्रसाद से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर उत्तराखंड राज्य के लिए भारत नेट फेज –2 परियोजना परियोजना प्राथमिकता पर स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया था। दूरसंचार मंत्रालय द्वारा उत्तराखंड के लिए भारत नेट 2.0 परियोजना पर स्टेट लेड मॉडल के अन्तर्गत सहमति प्रदान कर दी गई है। राज्य के लिए भारत नेट फेज –2 परियोजना की लागत लगभग रु.2000 करोड़ है, तथा इसका क्रियान्वयन आईटीडीए के द्वारा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को आईटी के क्षेत्र में स्किल्ड किये जाने के सम्बन्ध में अभी दो ग्रोथ सेन्टर दून और पिथौरागढ़ में बनाये गये है तथा इन्हें समस्त जनपदों में विकसित किये जाने की योजना है ताकि विधार्थियों को आईटी0 के क्षेत्र में आत्म निर्भर बनाया जा सकें। जिससे रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो सकें। सीएम हेल्पलाईन 1905 उत्तराखंड प्रदेश के वासियों के लिए बहुत ही उपयोगी हेल्पलाइन है।

**विस्तृत खबर पेज 3 पर...**

### राज्य सरकार ने अन्य ऐसे कई कदम उठाये

राज्य सरकार के द्वारा ई–गर्वेनेस के अन्तर्गत कई अन्य ऐसे कदम उठाये गये है, जिसका सीधा लाभ जनता को प्राप्त हो रहा है, जैसे कॉमर्सियल टैक्स, लेंड रिकार्ड, पुलिस, रोड़ ट्रांसपोर्ट, ट्रेजरी कम्प्यूटराइजेशन, पीडीएस, ई–कोर्ट, ई–प्रोक्योरमेन्ट, ई–डिजिटल लॉकर, ई–विधान आदि जैसे डिजिटल लॉकर के माध्यम से जितने भी प्रमाण–पत्र है, वो ईलैक्ट्रोनिक माध्यम से अपने ईलैक्ट्रोनिक डाक्यूमेन्ट अपने मोबाईल मे रख सकता है, जैसे आधार कार्ड,शैक्षिण प्रमाण–पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस, आदि। भारत नेट 2.0 के माध्यम से दूरदराज के गांव भी डिजिटल गांव बन सकेंगे और उत्तराखण्ड राज्य को पूर्ण रूप से डिजिटल उत्तराखण्ड बनाने का हमारी सरकार का उद्देश्य साकार होगा।

## दिल्ली की सभी यूनिवर्सिटी के एग्जाम कैंसल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। दिल्ली सरकार ने तय किया है कि उनकी किसी स्टेट यूनिवर्सिटी में फिलहाल कोई एग्जाम नहीं होगा। इसमें फाइनल ईयर के एग्जाम भी शामिल हैं। लोगों को डिग्री यूनिवर्सिटी द्वारा तय मूल्यांकन मापदंडों के हिसाब से दी जाएगी। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने यह ऐलान किया।

दिल्ली सरकार की आईपी यूनिवर्सिटी, आंबेडकर यूनिवर्सिटी, डीटीयू व अन्य संस्थानों में नहीं होंगे एग्जाम। लेकिन दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) से जुड़े दिल्ली सरकार के कॉलेजों के बारे में केंद्र को फैसला करना होगा। दिल्ली सरकार का मानना है कि ऐसे मे जिस सेमेस्टर को पढ़ाया नहीं गया, उसकी परीक्षा कराना मुश्किल है। सरकार का मानना है कि इस समय में बड़े फैसले लिए जाने है।

## घुसपैठ की फिराक में हैं आतंकी, अलर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख से लगी सीमा पर तनाव कम पड़ा तो पाकिस्तान लाइन ऑफ कंट्रोल पर ऐक्शन चाहता है। खुफिया एजेंसियों ने जानकारी दी है कि आतंकी जम्मू और कश्मीर में घुसपैठ कर हमला करने की फिराक में हैं। सूत्रों ने बताया, श्भीमबेर गली और नौशेरा सेक्टर्स में हथियारबंद आतंकियों की मौजूदगी है। उनके इरादे घुसपैठ कर हमला करने के हैं। ये इनपुट्स सुरक्षा बलों और बॉर्डर सिक्यॉरिटी फोर्स के साथ साझा किए गए हैं। इन इलाकों में फोर्सेज को हाई अलर्ट पर रहते हुए निगरानी के निर्देश मिले हैं।

सुरक्षा बलों को शक है कि पाकिस्तान आर्मी की बैट इन आतंकियों की मदद कर रही है। भारत की ओर कुछ आतंकियों का मूवमेंट भी हाल में देखा गया है।

### ▪पाकिस्तानी सेना कर रही घुसपैठ में मदद

बैट में आर्मी कमांडोज के अलावा जैश ए मोहमद, लश्कर ए तैयबा जैसे आतंकी संगठनों के मुजाहिदीन होते हैं। पिछले कुछ महीनों में बैट ने नागरिकों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। इस साल जनवरी में, पाकिस्तानी बैट ने मोहम्मद असलम नाम के नागरिक की हत्या कर दी थी। उसकी सिरकटी और क्षत–विक्षत लाश पुंछ जिले में एलओसी के पास मिली थी।

बीएसएफ ने पैट्रोलिंग बढ़ा दी है और रात में एक्स्ट्रा फोर्स तैनात की जाएगी।

## देश में कोरोना वायरस से संक्रमित 5 लाख मरीज ठीक

### अब भी कोरोना वायरस के कुल 2,31,978 ऐक्टिव केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। देश में जहां एक तरफ कोरोना वायरस के नए मामले आने का सिलसिला जारी है। वहीं, दूसरी तरफ कोरोना वायरस से संक्रमित लोग भारी संख्या में ठीक भी हो रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में कोरोना से 5 लाख लोग संक्रमणमुक्त हो चुके हैं। अब तक 5,15,385 लोग ठीक हो गए हैं। इसके अलावा 2,31,978 ऐक्टिव केस हैं। देश का रिकवरी रेट 62.78 प्रतिशत है।

**एक दिन में रेकॉर्ड मामले**
देश में कोरोना वायरस संक्रमण के एक दिन में रिकॉर्ड 27,114 नए मामले सामने आए हैं और इसी के साथ देश में संक्रमण के कुल मामले शनिवार को 8 लाख के आंकड़े को पार कर गए। चार दिन पहले ही देश में संक्रमण के मामलों की संख्या सात लाख से अधिक हुई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

आंकडों के अनुसार शनिवार को देश में संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 8,20,916 हो गए, वहीं पिछले 24 घंटे में 519 लोगों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 22,123 हो गई है। यह लगातार आठवां दिन है जब देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले 22,000 से ज्यादा बढ़े हैं।

### पीएम मोदी ने की समीक्षा बैठक

देश भर में कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर शनिवार को एक समीक्षा बैठक की है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक स्थानों पर व्यक्तिगत स्वच्छता और सामाजिक अनुशासन के पालन पर जोर दिया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना के बारे में जागरूकता का व्यापक रूप से प्रसार किया जाना चाहिए और संक्रमण के प्रसार को रोकने पर जोर दिया जाना चाहिए। पीएम ने दिल्ली में कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए केंद्र, राज्य सरकार और स्थानीय निकायों के संयुक्त प्रयासे की सराहना की और ऐसा ही प्रयास एनसीआर में भी किये जाने पर आवश्यकता जताई।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## अब पाक के भरोसे नहीं अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
वॉशिंगटन। कभी दक्षिण एशिया में अमेरिका का सबसे खास रहा पाकिस्तान अब अपना भरोसा खत्म कर चुका है। चीन की गोद में खेल रहे पाकिस्तान को छोड़कर अब अमेरिका ड्रैगन के खिलाफ लंबी जंग की तैयारी कर रहा है। पाकिस्तान ने न केवल वन चाइना पॉलिसी का समर्थन किया है बल्कि ताइवान और हॉन्ग कॉन्ग के मुद्दे पर भी चीन के साथ हरदम खड़े रहने की बात कही है।

### चीन से लंबी जंग की कर रहा तैयारी

यूरोपीय फाउंडेशन फॉर साउथ एशियन स्टडीज के अनुसार, चीन का खास दोस्त पाकिस्तान अब अमेरिका के लिए वैसी अहमियत नहीं रखता जैसी वह अफगानिस्तान वॉर के समय रखता था। अमेरिका एशिया में रूस की बढ़त रोकने और सामरिक रूप से खुद को मजबूत बनाने के लिए पाकिस्तान की मदद लेता रहा है। लेकिन, हाल के दिनों में चीन के साथ तनाव बढ़ने के बाद समीकरण बदल गए हैं।